**माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में राजभवन, पटना में दिनांक–09.09.2019 को भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार एवं महाविद्यालय निरीक्षक के साथ समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

---

उपस्थिति–प्रपत्र–ए के अनुसार।

दिनांक–09.09.2019 को माननीय कुलाधिपति की अध्यक्षता में भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, वित्तीय सलाहकार, परीक्षा नियंत्रक, महाविद्यालय निरीक्षक एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के कार्यों की समीक्षा की गयी।

बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व सर्वप्रथम श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव द्वारा माननीय कुलाधिपति तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। उनके द्वारा बैठक के लिए निर्धारित एजेंडा (संलेख) विशेषकर शैक्षणिक एवं परीक्षा सत्र का अनियमित होना, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के नैक मूल्याकंण, बायोमेट्रीक उपस्थिति, उपयोगिता प्रमाण–पत्र का समर्पण, निर्धारित दिशा–निर्देश के आलोक में अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) की नियुक्ति, B.S.E.I.D.C. द्वारा कराये जा रहे कार्यों, विश्वविद्यालय स्तर पर जन–शिकायत निवारण के अन्तर्गत निष्पादित मामलों, नियमित रूप से पेंशनादि के भुगतान आदि के संबंध मे माननीय कुलपति से त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

**माननीय कुलाधिपति द्वारा अपने संबोधन में निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया:–**

1. माननीय कुलाधिपति द्वारा शैक्षणिक सत्र को नियमित समय पर संचालन करने, परीक्षाओं के ससमय आयोजन, परीक्षाफल के ससमय प्रकाशन तथा दीक्षांत समारोह (Convocation) को नियमित अन्तराल पर आयोजित कराने का निदेश दिया गया।
2. सभी महाविद्यालयों के नैक मूल्यांकन के लिए नियमित अन्तराल पर विश्वविद्यालय स्तर पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित करने का निदेश दिया गया।

3. सेवानिवृत होने वाले कर्मियों को सेवानिवृति के दिन ही पेंशनादि का भुगतान करने का निदेश दिया गया। सेवानिवृत होने वाले कर्मियों का सेवानिवृति की तिथि से छः माह पूर्व ही सभी पेंशन–प्रपत्र को भरने तथा आवश्यक सूचनाओं के संग्रहण का निदेश दिया गया।
4. आधारभूत संरचना को विकसित करने तथा अन्य मदों में उपलब्ध करायी गयी निधि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को ससमय उपलब्ध कराया जाय।
5. शिक्षकों की कमी को देखते हुए अतिथि शिक्षक (Guest Faculty) को निर्धारित दिशा–निदेश के अनुसार स्वीकृत पद का आकलन कर नियुक्ति की कार्रवाई पूर्ण पारदर्शिता के साथ की जाय।
6. वृहत पैमाने पर वृक्षारोपन, विशेषकर फलदार वृक्ष लगाने का निदेश दिया गया। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए वनपोषक आदि की सेवा, आवश्यकतानुसार लेने का निदेश दिया गया।
7. जल संरक्षण को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित किया जाय तथा भवनों में Rain Water Harvesting की सुविधा मुहैया कराया जाय।
8. माननीय कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय को गाँवों को गोद लेने का निदेश दिया गया। इन गाँवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नशाबंदी के संबंध में प्रचार–प्रसार, तम्बाकु, गुटखा से होने वाली बीमारियों, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध जागरूकता, स्वच्छता अभियान आदि के प्रचार–प्रसार करने का निदेश दिया गया।
9. विश्वविद्यालय में नामांकन पूरा होने के एक माह बाद छात्र संघ के चुनाव की प्रकिया प्रारम्भ की जाय। यथासंभव अक्टूबर माह में चुनाव कराया जाय।
10. योजनाओं के कार्यान्वयन में उसकी गुणवत्ता एवं पारदर्शिता का विशेष रूप से ध्यान रखा जाय।
11. माननीय कुलाधिपति द्वारा महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में नियमित कक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया तथा कुलपति को स्वयं इसकी मॉनिटरिंग करने का निदेश दिया गया।

12. माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वच्छ तथा कदाचारमुक्त परीक्षाओं के आयोजन पर बल दिया गया।

13. माननीय कुलाधिपति द्वारा अंगीभूत महाविद्यालयों में संचालित स्वयं वित्त पोषित पाठ्यक्रमों (Self Financed Course) में यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सुयोग्य शिक्षकों की नियुक्ति का आदेश दिया गया।

14. माननीय कुलाधिपति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में गांधी दर्शन पर संगोष्ठी, सेमिनार, संवाद, आदि के आयोजन का निदेश दिया गया।

15. माननीय कुलाधिपति द्वारा बायोमेट्रिक मशीन को तोड़ने वालों पर निरोधात्मक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**माननीय कुलाधिपति के संबोधन के पश्चात भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा की समीक्षा निम्न 32 बिन्दुओं पर की गयी।**

**1- <u>Current & Pending Exam and Academic Calendar.</u>**

स्नातक स्तर

**UG Examination (Regular courses)**

| | Part - I | | Part - II | | Part - III | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Session | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results |
| 2016 19 | Completed | | Completed | -- | 25.10.19 | 24.12.19 |
| 2017 20 | Completed | | 30.9.19 | 24.12.19 | | |
| 2018-21 | Completed | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |
| 2019-22 | | | | | | |

स्नातकोत्तर स्तर

| PG Examination (Regular course) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Sem - I | | Sem - II | | Sem - III | | Sem - IV | |
| Sl No | Session | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results | Date Proposed date of Exam | Date Proposed date of Publication of results |
| 1 | 2016-18 | Completed | | Completed | | 23.9.19 | 7.11.19 | 7.1.20 | 22.2.20 |
| 2 | 2017-19 | Completed | | 23.9.19 | 7.11.19 | 7.1.20 | 22.2.20 | 1.5.20 | 15.6.20 |
| 3 | 2018-20 | Nov. 19 | Dec. 19 | Feb. 20 | March. 20 | June. 20 | July. 20 | Oct. 20 | Nov. 20 |
| 4 | 2019-21 | March 20 | April. 20 | June. 20 | July. 20 | Nov. 20 | Dec. 20 | April. 21 | [illegible] |

Note : Classes of Sessions- 2018-20 & 2019-21 will be engaged jointly to update the Pendency of Exams.

P.G. Depts. have now adequate Space Classrooms to run the classes jointly separately as and when it is required.

## 2. Status of NAAC.

विश्वविद्यालय के 14 अंगीभूत महाविद्यालयों में 3 की नैक ग्रेडिंग की सूचना कुलपति, बी. एन. एम. यू., मधेपुरा द्वारा दी गयी। शेष 11 महाविद्यालयों में से 6 का एस.एस.आर. समर्पित किया जा चुका है। शेष 5 का I.I.Q.A. जमा करने की सूचना दी गयी है।

कुलपति को शेष 5 महाविद्यालयों का SSR समर्पित करने का निदेश दिया गया।

3. **Digital Initiative and Status of UMIS and Yearly Expenditure on it.**

कुलपति, बी. एन. एम. यू., मधेपुरा द्वारा चालू वर्ष में UMIS लागू होने की जानकारी दी गयी। रूपए 300.00 (रूपये तीन सौ मात्र) प्रति छात्र की दर से लगभग 01.50 करोड रूपये (रूपये एक करोड़ पचास लाख मात्र) एक वर्ष में संभावित व्यय बताया गया।

4. **Submission of Research Projects.**

विश्वविद्यालय द्वारा कुल 8 रिसर्च प्रोजेक्ट समर्पित किये जाने तथा 13 पर कार्रवाई होने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

5. **Plantation Drive and Rain Water Harvest Project.**

लगभग 5,000 (पाँच हजार) वृक्षों को लगाये जाने की जानकारी कुलपति, बी. एन.एम.यू., मधेपुरा द्वारा दी गयी।

Rain Water Harvesting हेतु 7 तालाबों के निर्माण का कार्य समाप्त कर दिया गया है तथा 3 तालाब के निर्माण का कार्य किये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

6. **Monitoring of B.Ed. Post/Hed Post**.

हेड पोस्ट पर सभी अंगीभूत महाविद्यालयों की सूचना Upload किए जाने तथा बेड पोस्ट पर B.Ed. महाविद्यालयों का फोटोग्राफ्स Upload करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

7. **Progress of Online Degree Distribution.**

कुल 670 ऑन लाईन डिग्री वितरण के लिए प्राप्त आवेदन–पत्रों में से 341 के निष्पादित किये जाने तथा 329 के तैयार किए जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

8. **Affiliation of Colleges**

महाविद्यालयों के संबंधन का कोई भी मामला लंबित नहीं होने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**9. Bio Metric Attendance.**

कुलपति द्वारा बताया गया कि सभी अंगीभूत महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय स्तर पर बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है जिसकी माहवार समीक्षा की जाती है।

कुलपति, बी. एन. एम. यू., मधेपुरा से अनुरोध किया गया कि बायोमेट्रिक मशीन से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर उपस्थिति की समीक्षा की जाय।

शिक्षकों का वेतन भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से लिंक करने का निदेश दिया गया।

**10. Demand submission for Women's College & Girl Students to Education Department.**

विश्वविद्यालय द्वारा महिला छात्राओं की फीस नहीं लिये जाने से हुई क्षति की प्रतिपूर्ति हेतु शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को कोई भी प्रस्ताव नहीं भेजने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति, बी. एन. एम. यू., मधेपुरा से अनुरोध किया गया कि राशि की प्रतिपूर्ति की मांग हेतु शिक्षा विभाग को प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाय।

**11. Utilization of fund for Laboratory & Library.**

विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगशालाओं को सुदृढ़ीकरण करने हेतु 84.00 लाख रूपये (चौरासी लाख रूपए) तथा पुस्तकालयों को विकसित करने हेतु 33.00 लाख रूपये (तेतिस लाख रूपये) का आबंटन प्राप्त होने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। पुस्तकालय मद में प्राप्त राशि को महाविद्यलयों में वितरण किये जाने की सूचना दी गयी। C.F.M.S. लागू होने के कारण प्रयोगशाला मद में प्राप्त निधि विश्वविद्यालय के खाता में प्राप्त नहीं हुई।

**12. Guest Faculty Appointment & Submission of demand to Education Department.**

अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार की तिथि निर्धारित कर दी गयी है।

विश्वविद्यालय द्वारा आरक्षण के नियम का पालन करने की जानकारी दी गयी।

**13.Solar Energy Installation.**

## Point No. 13:
## Solar Energy Installation

University has requested 'BREDA' vide letter no.- GS (Engg./84/2019)-453/19 dated 02.04.2019 for the installation of Solar Power Plant in the University Headquarter area and North Campus. Details of solar power plant is as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 01. | University Headquarter - | 2910 $m^2$ |
| 02. | North Campus - | 2422 $m^2$ |
| 03. | Semi Structured Building- | 1516 $m^2$ |
| | **Total -** | **6848 $m^2$** |

**14.Sports & Cultural Activities (Eklavya & Tarang)**

विभिन्न महाविद्यालयों में एकलव्य एवं तरंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय को एकलव्य एवं तरंग प्रतियोगिता का आयोजन 20.11.2019 तक करा लेने का निदेश दिया गया ।

**15.Submission of Infrastructure Project to Education Department.**

विश्वविद्यालय द्वारा प्रयोगशाला, कम्प्यूटर, अभिलेखागार, भवन निर्माण, गेस्ट हाउस, महिला छात्राओं के लिए छात्रावास, रिसर्च सेन्टर (शोध केन्द्र) आदि के लिए कुल 03.34 करोड़ रूपये (तीन करोड़ चौंतीस लाख रूपए) का प्रस्ताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को भेजने की सूचना दी गयी।

**16. Adoption of Village.**

विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा 11 गाँवों को गोद लिये जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी । इन गाँवों में स्वच्छता अभियान, सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध सामाजिक जागरूकता अभियान एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

**17. Pension & Retirement Benefit Payment.**

विश्वविद्यालय द्वारा सेवांत लाभ के सभी मामलों के निष्पादन की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी। ग्रुप बीमा के भुगतान से संबंधित लंबित मामलों की ओर कुलपति का ध्यानाकृष्ट किया गया।

**18. Updating of Data on H.Ed. Post**

हेड पोस्ट पर सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा सूचना Upload करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। 8 संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा भी इसकी सूचना Upload करने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**19. Status of Disposal of Grievance Redressal.**

शिकायत निवारण हेतु 6 प्राप्त आवेदनों में से 4 के निष्पादन की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी। कुलपति को लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

राज्यपाल सचिवालय से भेजे जाने वाले परिवाद–पत्रों को भी शिकायत निवारण कोषांग के माध्यम से निष्पादित करने का निदेश कुलपति को दिया गया।

**20. Project of 'Khelo India'.**

खेलो इंडिया अंतर्गत जुबली स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स, वॉलीबॉल स्टेडियम, इनडोर स्टेडियम, स्वीमिंग पुल का प्रस्ताव भेजे जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**21. Court Cases.**

कुलपति द्वारा कुल 243 वाद के लंबित रहने की जानकारी दी गयी जिनमें 138 सी.डब्ल्यू.जे.सी., 91 एम.जे.सी, तथा 14 एल.पी.ए. से संबंधित वाद हैं।

कुलपति, बी.एन.एम.यू., मधेपुरा को लंबित वादों को शीघ्र निष्पादित करने का निदेश दिया गया।

**22.Girls' Toilet**

कुल 13 इकाई महिला शौचालय के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है जिनमें से 5 का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है।

B.S.E.I.D.C. के अभियंता द्वारा SNSRKS महाविद्यालय में भूमि की अनुपलब्धता की सूचना दी गयी।

कुलपति, बी.एन.एम.यू., मधेपुरा से अनुरोध किया गया कि भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

**23. Student's Union Election**

छात्र संघ का चुनाव अक्टूबर माह में कराये जाने का आश्वासन कुलपति द्वारा दिया गया।

**24. 2nd October 'Cleanness Drive and use of one time Plastic.**

2 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती के अवसर पर 200 स्वयं सेवक द्वारा स्वच्छता अभियान चलाये जाने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति, भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा द्वारा जल, जीवन, हरियाली आदि विषयों पर सेमिनार, वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित किए जाने की जानकारी दी गयी।

'Single use plastic' को प्रतिबंधित किए जाने का संकल्प लेने की सूचना कुलपति द्वारा दी गयी।

**25. NAD 'National Academic Depository'.**

NAD को लागू करने के लिए NSDL से 22 जून, 2018 को समझौता किए जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**26.NDL 'National Digital Library'.**

कुलपति द्वारा बताया गया कि NDL को लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय से अनुरोध किया गया कि नवनामांकित छात्रों का NDL में निबंधन नामांकन के समय ही करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। यथासम्भव नामांकन प्रपत्र में तथा परीक्षा प्रपत्र में, NDL में रजिस्ट्रेशन का एक कॉलम बनाया जाय।

**27.<u>Status of coverage of teachers and non-teaching employees under Comprehensive Financial Management System (CFMS).</u>**

C.F.M.S. अंतर्गत कार्यरत्त सभी 861 शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों का निबंधन कराये जाने की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

कुलपति को सेवा निवृत कर्मियों का भी निबंधन करते हुए सेवांत लाभ का भुगतान C.F.M.S. के माध्यम से कराये जाने का निदेश दिया गया।

**28.<u>Status of submission of proposal for curriculum revision of Under-Graduate courses.</u>**

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को स्नातक स्तर पर सी.बी.सी.एस. पैटर्न का पाठ्यकम संशोधन हेतु बायोटेक्नोलॉजी एवं इंडस्ट्रीयल माइक्रोबॉयोलॉजी के पाठ्यकम का कार्य आबंटित किया गया था।

कुलपति द्वारा 15 दिनों के भीतर संशोधित पाठ्यकम समर्पित किए जाने का आश्वासन दिया गया।

**29.<u>Vacancies of teachers.</u>**

शिक्षकों की 391 रिक्ति की जानकारी विश्वविद्यालय द्वारा समर्पित की गयी।

कुलपति को निदेश दिया गया कि रोस्टर क्लीयरेन्स के पश्चात् शिक्षकों की नियुक्ति का प्ररताव शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को समर्पित किया जाय।

**30.<u>Status of joining of teachers recommended by BPSC.</u>**

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा कुल 109 शिक्षकों की नियुक्ति की अनुशंसा की गयी है जिसमें से 79 द्वारा योगदान समर्पित किया गया है। शेष 30 के नियुक्ति की कार्रवाई प्रकियाधीन है।

**31. <u>Status of submission of Utilization-Certificate for development assistance given by Deptt. of Education.</u>**

भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा को कुल 2.33 करोड़ रूपये (दो करोड़ तेतीस लाख रूपये) की निधि शिक्षा विभाग से प्राप्त हुई है, जिसका उपयोग किया जा रहा है।

कुलपति, बी.एन.एम.यू., मधेपुरा को राशि का उपयोग कर उपयोगिता प्रमाण–पत्र शीघ्र समर्पित करने का निदेश दिया गया।

**32. <u>Status of conduct of Smart Classes.</u>**

स्नातकोत्तर विभागों तथा 8 अंगीभूत महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास के संचालन की जानकारी कुलपति द्वारा दी गयी।

**<u>समीक्षा के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये गये।</u>**

1. विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र अद्यतन रखते हुए ससमय परीक्षा का संचालन तथा परीक्षाफल के प्रकाशन का निदेश दिया गया। विश्वविद्यालय को परीक्षाओं से संबंधित सूचनाओं को अपने वेवसाईट पर Upload करने का निदेश दिया गया।
2. विश्वविद्यालय को सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्याकंण शीघ्र करने हेतु निदेश दिया गया।
3. विज्ञान के साथ–साथ कला (Arts) से संबंधित Research Project भी समर्पित करने का निर्णय लिया गया।
4. विश्वविद्यालय को Rain Water Harvesting का अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग को भेजते हुए उसकी एक प्रति राज्यपाल सचिवालय को भी समर्पित करने का निदेश दिया गया ताकि विभाग से समन्वय स्थापित कर प्रस्ताव की स्वीकृति की दिशा में कार्रवाई की जा सके।
5. परिनियम के अनुसार शिक्षकों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम–से–कम 5 घंटे तथा प्रत्येक सप्ताह न्यूनतम 40 घंटे की उपस्थिति महाविद्यालयों तथा स्नातकोत्तर विभागों में सुनिश्चित की जाय।

6. B.S.E.I.D.C. द्वारा विश्वविद्यालय या महाविद्यालयों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कम–से–कम 15 दिनों पर विशेष सचिव, शिक्षा विभाग द्वारा की जाय।
7. छात्राओं के फीस नहीं लेने की प्रतिपूर्ति हेतु विश्वविद्यालय में अध्ययनरत महिला छात्रों की संख्या का आकलन कर "Token Money" निर्गत करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया जाय।
8. सेवा निवृत होने वाले कर्मियों के सेवांत लाभ से संबंधित प्रपत्र तथा अन्य जानकारी सेवा निवृति की तिथि से 6 माह पूर्व ही प्राप्त करने का निदेश दिया गया।
9. छात्र संघ का चुनाव वर्तमान सत्र में नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात् एक माह के भीतर यथासंभव अक्तूबर माह में कराया जाय।
10. C.F.M.S. के अन्तर्गत सभी कार्यरत्त शिक्षकों तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों के साथ–साथ सभी पेंशनधारियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाय।
11. वृक्षा रोपन के अन्तर्गत फलदार वृक्षों के रोपने पर विशेष बल दिया जाय। लगाये गये वृक्षों को जीवित रखने के लिए सभी सम्भव उपाय किये जायें। आवश्यकतानुसार वन पोषक तथा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति वृक्षों को जीवित रखने के लिए की जाय।
12. महाविद्यालयों के संबंधन हेतु सम्पूर्ण सत्र के संबंधन की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध शिक्षा विभाग से किया गया।
13. जून, 2020 तक सभी लंबित परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षाफल प्रकाशन का निर्देश दिया गया। विश्वविद्यालय द्वारा दिये गये कार्यक्रम में यदि, परीक्षाओं के आयोजन के संबंध में कोई संशोधन किसी भी परिस्थिति में, करने की आवश्यकता हो तो माननीय कुलाधिपति का आदेश प्राप्त किया जाए।
14. सभी अंगीभूत महाविद्यालयों द्वारा न्यून्तम एक स्मार्ट क्लास प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया।
15. शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की अनाधिकृत अनुपस्थिति को गंभीरता से लेने का निर्णय लिया गया।
16. शिक्षकों को आवास किराया भत्ता इनके आवासीय पता के निरीक्षण के उपरांत ही भुगतान करने का निर्णय लिया गया।
17. विश्वविद्यालय स्तर पर सातवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आधार पर वेतन सत्यापन कर वेतन revision का प्रस्ताव राज्य सरकार के शिक्षा विभाग को

भेजने का निर्णय लिया गया जिससे कि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन का लाभ मिल सके।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

ह0/–
(ब्रजेश मेहरोत्रा)
माननीय कुलाधिपति के प्रधान सचिव

ज्ञापांक– बी० एस० यू० (मिटिंग)- 19/2018- 2940 /रा.स.(III), दिनांक– 09-10-2019

प्रतिलिपि:–

1. भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति /प्रति–कुलपति/ कुलसचिव /वित्तीय सलाहकार /महाविद्यालय निरीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
2. अपर मुख्य सचिव / निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
3. माननीय कुलाधिपति के आप्त सचिव / प्रधान सचिव के आप्त सचिव / सभी संबंधित पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ।
4. श्री बिजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी. राजभवन, पटना को वेबसाइट पर अपलोड करने/गार्ड फाईल में संधारन हेतु।

9.10.19

(बिजय कुमार)
अपर सचिव
राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना।